STEPPING STONE SCHOOL (HIGH)

CLASS: VI

Worksheet - VII

Subject: Hindi 2nd Language | **Date:** 04-05-2020

Topic: Grammar | **Time Limit:** 30 mins

First read the following thoroughly then copy the questions and solve them on a sheet of paper. Then arrange the worksheets datewise in a file to be submitted on the opening day.

संज्ञा

जो शब्द किसी व्यक्ति, स्थान, वस्तु और भाव का बोध कराते हैं, उन्हें संज्ञा कहते हैं।

संज्ञा
- व्यक्तिवाचक संज्ञा
- जातिवाचक संज्ञा
- भाववाचक संज्ञा

संज्ञा तीन प्रकार की होती है:

1. व्यक्तिवाचक संज्ञा — जिस संज्ञा शब्द से किसी विशेष व्यक्ति, वस्तु अथवा स्थान का बोध होता है, उसे व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे - मीरा मधुर भजन गायिका थी। वह कल ताजमहल देखने गया।

2. जातिवाचक संज्ञा — जिस शब्द से किसी जाति के सभी प्राणियों और वस्तुओं का बोध होता है, उसे जातिवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे - खिलाड़ी खेल रहे हैं। बच्चे खाकर सो गए।

3. भाववाचक संज्ञा — जिस शब्द से किसी व्यक्ति, स्थान अथवा वस्तुओं के गुण, दोष, दशा और भाव का पता चले उसे भाववाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे - पहाड़ की ऊँचाई अधिक है। इस आम में मिठास नहीं है।

(ऊँचाई तथा मिठास शब्द क्रमशः पहाड़ और आम की अवस्था और गुण का बोध करा रहे हैं।

कुछ विद्वान संज्ञा के दो और भी भेद मानते हैं:

(क) समूहवाचक संज्ञा — किसी एक जाति के व्यक्तियों, वस्तुओं आदि के समुदाय या समूह का बोध कराने वाले शब्द समूहवाचक संज्ञा कहते हैं, जैसे - भीड़, सभा, जुलूस आदि।

(घ) द्रव्यवाचक संज्ञा – जिन संज्ञा शब्दों से किसी द्रव्य, धातु या पदार्थ आदि का बोध होता है, उन्हें द्रव्यवाचक संज्ञा कहते हैं, जैसे – चावल, दूध, लोहा आदि।

(क) निम्नलिखित वाक्यों में से संज्ञा शब्द ढूँढकर उनके भेदों के नाम लिखिए –

1) प्रयाग हमारा शहर है।
2) कक्षा में छात्र-छात्राएँ बैठे हैं।
3) वह दिल्ली में रहता है।
4) रामायण पवित्र पुस्तक है।
5) थकावट के कारण सब बैठ गए।
6) हमारा विद्यालय बहुत बड़ा है।
7) हमारे घर के आस-पास खूब हरियाली है।

(ख) कोष्ठक में दिए शब्द को भाववाचक संज्ञा में परिवर्तित करके रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –

1) नदी का ______ बहुत तेज है। (बहना)
2) कृष्ण और सुदामा की ______ प्रसिद्ध है। (मित्र)
3) बच्चे की ______ ने थकान दूर कर दी। (मुसकराना)
4) शुभांगी ने प्रश्न-पत्र ______ से हल कर लिया। (सरल)
5) युवक की ______ से सबकी जान बच गई। (वीर)
6) शेर की ______ से सब डर गए। (दहाड़ना)